# सी.बी.ई.ओ. ने विद्यालयों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व उचित प्रबंध के निर्देश दिए

**छबड़ा** (निसं)। सीबीईओ (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) ने मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर नए शिक्षा-सत्र में शिक्षा व्यवस्थाओं के सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीबीईओ ओमप्रकाश गालव ने मंगलवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय कडैयावन, कोटड़ी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और मौजूद स्टॉफ़ को नए शिक्षा सत्र के लिये कुछ नया करने को कहा, जिससे राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि हो सके। ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार सीबी ओ गालव ने निरीक्षण के बाद उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटडी में स्टॉफ़ की समीक्षा बैठक ली।

यहां शाला दर्पण, पुस्तकालय, विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, क्षतिग्रस्त भवन में बालकों को नही बिठाने, वर्षा के पहले, बाद जहां छत में पानी टपकने की संभावना हो उसकी मरम्मत करवाने, विद्यालय परिसर से बरसाती पानी की उचित निकासी की व्यवस्था के साथ शुद्ध पेयजल, कक्षा-कक्षों में निर्बाध विद्युत व्यवस्था, आईसीटी लेब, उडान योजना, पिंक ओर ब्ल्यू टेबलेट का वितरण, मिशन स्टार्ट के तहत विद्यालय में उपलब्ध क्रियाशील आसीटी लेब, कम्प्यूटर्स, विभिन्न डिजिटल संसाधन यथा स्मार्ट टीवी प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ई-कंटेन्ट द्वारा शिक्षण व्यवस्था सहित, विद्यालय परिसर, खेल मैदान में वृक्षारोपण, विद्यालय खेल मैदान में अतिक्रमण की रोकथाम, ऑनलाइन स्टॉफ़ और छात्र उपस्थिति, एमडीएम की व्यवस्थाओं और मुख्यमंत्री बाल-गोपाल दुग्ध योजना की उचित व्यवस्था के लिए प्रभारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान दिए।

ब्लॉक के सभी पीईईओ, कस्बे के कार्यवाहक यूसीईईओ एवं समस्त राजकीय संस्था प्रधानों से नए सत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करने और नामांकन वृद्धि के लक्ष्यों को प्राप्त करने का आव्हान किया। साथ ही ब्लॉक में मानसून की सक्रियता आगामी दिनों बढ़ सकती है।

बालकों को प्रार्थना स्थल पर ही रोजाना नदी, नालों, गहरे खड्डों से दूर रहने और घर से स्कूल और स्कूल से घर आते-जाते बालकों को सावधानी बरतने के लिए संस्था प्रधानों को निर्देश प्रदान किए।



छबड़ा में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर नए शिक्षा-सत्र में शिक्षा व्यवस्थाओं के सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## डॉ. एम.एल.अग्रवाल सम्मानित




कोटा के प्रसिद्ध मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर एम.एल. अग्रवाल को अवार्ड प्रदान किया गया।

**कोटा,** (निसं)। विगत 46 वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदिवासियों, गरीबों, असहायों से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रमोशन करके अनवरत कार्य किया उसके लिए रोटरी अंतरराष्ट्रीय ने एवेन्यू ऑफ सर्विस के क्रिस्टल अवॉर्ड से भीलवाड़ा में आयोजित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी मैं यह रोटरी अंतरराष्ट्रीय अवार्ड डॉ.एम एल अग्रवाल एवं डॉ अरुणा अग्रवाल को प्रदान किया।

प्रेस समन्वयक सुधीन्द्र गौड़ ने बताया कि रोटरी अंतर्राष्ट्रीय ने डॉ.एम.एल. अग्रवाल द्वारा विगत 46 वर्षो से मानसिक स्वास्थ्य प्रमोशन हेतु जो ग्रास रूट कार्य करके इससे जुड़ी हुई आम भ्रांतियों अंधविश्वास को ना केवल दूर किया अपितु लाखों लोगों को इन रोगों से निदान कर समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कराया साथ ही हिंदी को मानसिक स्वास्थ्य प्रमोशन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मिलित कराकर तथा 12 वर्षों तक मेंटल हेल्थ प्रमोशन सामग्री को अनुवादित कर निशुल्क ग्लोबल स्तर पर प्रसारण हेतु वर्ल्ड फेडरेशन मेंटल हेल्थ को दिया जो आज भी उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध है जिससे अनेक अनेक पीड़ित लोग निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं।

मानसिक स्वास्थ्य प्रमोशन हेतु अनेक इनोवेशन किए जैसे मेलों में प्रदर्शनी, रोड शो, धार्मिक संतों द्वारा आमजन को समझाईश को प्रोमोशन में शामिल किया गया। इस बार डॉक्टर एम. एल. अग्रवाल एवं टीम ने स्वयं प्रमोशन के साथ-साथ एक प्रतिस्पर्धा सभी रोटरी क्लब डि-3056 के बीच में कराई गई जिसमें प्रथम तीन क्लब को डॉ. एम एल अग्रवाल की ओर से निजी तौर पर प्रदान किए गए। यह रोटरी अंतरराष्ट्रीय क्रिस्टल अवॉर्ड डॉ.एमएल अग्रवाल तथा डॉ. अरुणा अग्रवाल के तन मन धन से मानसिक स्वास्थ्य सेवा हेतु सेवारत होने की सफल परिणीति है।

## यात्री सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया

**कोटा** (निसं)। कोटा सहित मंडल के स्टेशनों एवं खण्ड पर नियमित रूप से डीआरएम द्वारा निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं तथा विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया जाता हैं।

इसी क्रम में 25 जून को डीआरएम मनीष तिवारी ने कोटा स्टेशन पर प्रदत्त पेय जल, स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म की साफ-सफाई, लिफ्ट/एक्सीलेटर, पार्सल सुविधा तथा अन्य सभी यात्री सुविधाओं का विधिवत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षक को स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने गाडी संख्या 13240 कोटा-पटना एक्सप्रेस, गाडी संख्या 19019 बांद्रा टर्मिनल-हरिद्वार एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12401 कोटा-देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस में जनरल कोच, स्लीपर कोच, एसी कोच में जाकर यात्री सुविधाओं की जांच की साथ ही जनरेटर कार में संरक्षा प्रणाली तथा पेंट्रीकार का निरीक्षण किया। कोचों में निरीक्षण दौरान यात्रियों से रेलवे सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

## अघोषित बिजली कटौती से आमजन त्रस्त

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में उमसभरी गर्मी की मार के बीच अघोषित बिजली कटौती होने से आमजन त्रस्त है। यहां घंटों तक अघोषित बिजली कटौती होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। यहां बिजली कटौती का को समय निर्धारित नहीं है। कभी रात तो कभी सुबह तो कभी भरी दोपहर में घंटों बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोग बेहाल हो रहे है। बावजूद इसके जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान तक नही हैं।

**न दिन को चैन मिल रहा है और न रात को आराम:-** दिन-रात के समय बिजली कटौती होने से न दिन को चैन मिल रहा है और न रात को आराम मिल पा रहा है। बिजली कटौती होने पर लोग घरों के बाहर आकर बिजणी लेकर बैठकर हवा करते नजर आ रहे हैं। रात के समय बिजली कटौती होने से छोटे बच्चे व बुजुर्ग सबसे ज्यादा बेहाल हो रहे है। शिकायत करने पर को सुनवा नहीं होती है।

**कामकाज ठप:-** इलेक्ट्रोनिक दुकानदारों का कहना है कि अघोषित बिजली कटौती से व्यवसाय ठप रहता है। आटा चक्की, पंखे-कूलर ठीक करने वाली दुकानों पर कामकाज ठप पड़ रहता है। बिजली आने का इंतजार रहता है। उसके बाद ही व्यवसाय कर पा रहे है। वही, ई-मित्रो की दुकानों पर भी कामकाज प्रभावित हो रहा हैं। अभी स्कूल एडमिषन का समय होने के चलते अपने कार्यों को लेकर आने वाले अभिभावको को परेषानी से जूझना पड़ रहा हैं। वही, बिजली कटौती के कारण गृहणियां भी काफी परेशान है।

आमजन का कहना है कि इस संबंध में जब निगम अधिकारियो को फोन किया जाता है तो वो फोन तक रिसीव नहीं करते। मेंटेनेंस के नाम पर घंटो तक बिजली गुल रहती हैं। विभाग तो बस मनमानी पर उतारू है। अब तो इस मनमानी के खिलाफ आमजन लामबंद होते नजर आने लगे हैं।

## हर समिति निःशुल्क बीज वितरण योजना शुरू करेगी : चैनसिंह राठौड़

**कोटा,** (निसं)। लाड़पुरा तहसील की भांडाहेडा महिला समिति की बीएमसी का उद्घाटन कोटा बूंदी सहकारी दुग्ध संघ लि.के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने की। समिति की अध्यक्ष सुमित्रा बाई ने बताया कि बीएमसी की सौगात मिलने से दुग्ध भण्डारण सहज व सरल होगा और अधिक मात्रा में दुग्ध समिति में एकत्रित किया जाएगा। सचिव चंद्रकला बाई ने बताया कि उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि चैनसिंह राठौड़ रहे। अध्यक्षता सरपंच धनश्याम यादव, विशिष्ट अतिथि सोहन मालव, राजेन्द्र मालव सहित सैकड़ों महिला सदस्य उपस्थित रही।

**लाड़पुरा की समिति का सम्मान:-** बीएमसी उद्घाटन के साथ दुग्ध देने वाले श्रेष्ठ पशुपालकों को सरस डेयरी की ओर से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राठौड़ ने प्रशस्ति पत्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। राठौड़ ने कहा कि जिस समिति का दुग्ध सर्वाधिक होगा वह सम्मान के अधिकारी है समिति स्तर के उपरान्त जिला स्तर तक उन्हे सम्मानित किया जाएगा।

बीएमसी अध्यक्ष सुमित्रा बाई ने सरस डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ के प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि बीएमसी उद्घाटन और ब्लक मिल्क कूलर की सौगात से भांडाहेडा बीएमसी अब स्वंय दूध के भण्डारण के लिए सक्षम हो गई है। पशुपालक शाम को जब भी दूध निकालेंने उनका दुग्ध का एकत्रित करके ब्लक मिल्क कूलर में रखा जाएगा और सरस डेयरी कोटा में पहुंचा दिया जाएगा इससे दूध की गुणवत्ता में भी कोई परिवर्तन नहीं आएगा।

**सरस डेयरी ने 10 क्विंटल निःशुल्क बीज बांटे:-** राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की निःशुल्क बीज योजना का लाभ कोटा-बूंदी सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के माध्यम से कोटा-बूंदी के दुग्ध उत्पादक पशुपालकों पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

कराडखेडी महिला समिति के उपरान्त भांडाहेडा बीएमसी में 10 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है। उन्होने कहा कि पशुधन व कृषि उपकरण भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों लाभ पहुंचायें जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की कई जनकल्याण नीतियों का लाभ जनता को मिला है। उन्होने कहा कि जनता के अपना भरोसा नरेन्द्र मोदी की सरकार पर बनाया रखा तो उन्हे विकास व समृद्धि की सौगात मिलती रहेगी।

**संघ निःशुल्क बीज उपलब्ध कराएगा:-** संघ के अध्यक्ष चैन सिंह ने कहा कि वर्षा के मौसम में चारा उपलब्ध कराने के लिए किसानों को संघ की ओर से निःशुल्क बीच उपलब्ध कराए जाएंगे जो कि समितियों के माध्यम से संघ को नियमित दूध उपलब्ध कराता है उनकी पशु संख्या व जमीन के आधार अनुपात में संघ की ओर से निःशुल्क जई, मक्का, ज्वार, बीज के कट्टे दिए जाएंगे ताकि पशुपालक पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कर सके और पशुओ को उन्नत किस्म का चारा खिलाकर अधिक दुग्ध प्राप्त करें। अंत तीसरी व चौथी कटाई के उपरान्त कृषकों के बीजों को संघ पुन खरीद भी करेगा इससे किसानों की आय को दोगुना करने में संघ सहयोगी बनेगा।

## नीलामी बोली में कृषकों ने भाग नहीं लिया

**छबड़ा** (निसं)। पालिका प्रषासन द्वारा पिछले 3-4 वर्षों से लगभग 250-300 बीघा कृषि भूमि की नीलामी बोली नही पुकारी जा रही है। जिसके चलते कई कृशक अवैध रूप से पालिका भूमि पर कब्जा कर कृशि भूमि को काष्त कर रहे हैं।

ईओ द्वारा मंगलवार को 70 बीघा भूमि की नीलामी बोली के लिए कृशको को आमंत्रित किया था। परंतु पालिका भूमि पर हो रहे कब्जे के चलते किसी भी कृषक ने नीलामी बोली में भाग नहीं लिया।

ईओ सुरेष रैगर ने बताया कि छबड़ा पालिका क्षेत्र में पालिका की 250-300 बीघा कृशि भूमि स्थित हैं। मंगलवार टोडीयान बस्ती सालपुरा रोड़ पर स्थित 70 बीघा भूमि को मुनाफा काष्त पर देने के लिए बोली लगाने हेतु कृशको को आमंत्रित किया था। परंतु, किसी भी कृशक ने नीलामी बोली में भाग नही लिया। पालिका की कृषि भूमि को पिछले 3-4 वर्षों से मुनाफा काष्त पर नही दिया जा सका हैं। यदि कृषि भूमि पर अवैध रूप से कृषक काबिज है तो उन्हे बेदखल कर बोली लगाने वाले को भूमि पर कब्जा सौंपा जाएगा। षेश भूमि को भी शीघ्र ही बोली के माध्यम से मुनाफा काश्त पर जुताया जाएगा।

## सार-समाचार

### लाभार्थी सवांद का कार्यक्रम आयोजित

**रामगंजमंडी** (निसं)। स्वायत्त शासन विभाग एवं रूडसिको हाउसिगं विभाग जयपुर के निर्देशानुसार 25 जून मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगरपालिका मीटिंग हॉल में लाभार्थी सवांद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योजना के तहत पूर्ण बीएलसी आवाससों के लाभार्थीयो को आंमत्रित कर उनके साथ संवाद किया गया।जिसमें लाभार्थीयो द्वारा अधिकारीयो व जनप्रतिनिधियो के साथ योजना के तहत अपना अनुभव साझा किया गया और जिन लाभार्थीयो के द्वारा आवास पूर्ण नही किये गये हैं उनको शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए सुझाव दिये गये। कार्यक्रम में अध्यक्ष देवीलाल सैनी व भाजपा नगर महामंत्री अखिलेश मेडतवाल के द्वारा लाभार्थीयों को प्रथम द्वितीय एवं चतुर्थ किस्त 4.80 लाख रूपये के सांकेतिक चेक वितरण किये गये और सभी को जल्द से जल्द आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम में अध्यक्ष देवीलाल सैनी, भाजपा नगर महामंत्री अखिलेश मेडतवाल, पूर्व पार्षद धर्मपाल घाटोड, नवीन गुर्जर व योजना सीएलटीसी विजेन्द्र सिंह पंवार सहित पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा नगर के वार्ड नंबर 8 में बरसात के मौसम के कारण आ रही परेशानियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष को मंगलवार ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया की बड़े नाले व नालियों को साफ करने, बरसात के मौसम को देखते हुए व गन्दगी को देखते हुए साफ करवाना अत्यंत आवश्यक है व बाजार में दुकानों में बरसात की वजह से पानी भर गया था उसको लेकर दुकानदारों को समस्या का समाना करना पड़ता है। नगर पालिका को हाट चौक के आसपास के एरिय व मंडेसरा बस स्टैंड तक की नाली साफ करने के लिए ज्ञापन दिया गया। साथ ही वार्ड के अंदर नालियों के निर्माण व नालों की बाउंड्री के निर्माण को लेकर के भी कहा गया और नहर रोड पर पंडित दीनदयाल पार्क को बनाने को लेकर कहा गया। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा की जल्द ही नालो और नालियों की सफाई, व नालियों का निर्माण, नालो की बाउंड्री व गार्डन का जल्द ही निर्माण करावाया जायेगा और वार्ड में आ रही समस्याओ का जल्द समाधान करावाया जायेगा।

### विशेष जागरुकता शिविर कल

**झालावाड़** (निसं)। प्रदेश के समग्र औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 के तहत 27 जून को प्रातः 11 बजे से विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन पंचायत समिति अकलेरा के सभागार में किया जायेगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अमृतलाल मीणा ने बताया कि इस योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के पात्र युवाओं को नवीन उद्यम स्थापित करने एवं विस्तार व विविधिकरण करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कम लागत पर ऋण सुविधा, सीजीटीएमएसई अंतर्गत गारण्टी फीस, मार्जिन मनी अनुदान एवं ब्याज अनुदान सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाती है। जिससे इन वर्गों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। शिविर के दौरान योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान कर मौके पर ही पात्र बेरोजगारों के ऋण आवेदन पत्र तैयार करवाए जाएंगे।

### प्यारी बेटी अभियान के तहत 1100 रूपए की राशि भेंट की

**रावतभाटा,** (निसं)। प्यारी बेटी अभियान के तहत पार्षद संजय रेठुदिया ने वार्ड में तीन बालिकाओं के परिजनों को 1100 रूपए की राशि भेंट की। पार्षद संजय रेठुदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड में किसी भी परिवार में बालिका के जन्म होने पर उन्हें यह राशि दी जाती हैं यह अभियान काफी सालों से चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत काफी बच्चों को 1100 रूपए की राशि दी गई। इस मौके को आंगनबाड़ी केंद्र पर शक्ति दिवस के रूप में मनाया गया,जिसमें 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप पिलाई गई और गर्भवती एवं किशोरियों के आयरन की गोली खिलाई गई जिससे खून की कमी दूर होती है इस मौके पर आशा, सीता सिंह चौहान एवं महिला एवं पुरुष मौजूद रही।

### छेड़छाड़ के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**रावतभाटा,** (निसं)। पुलिस उपाधीक्षक प्रभु लाल कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रावतभाटा थाना क्षेत्र के एक नाबालिक के साथ में 20 जून 2024 को एक युवक द्वारा छेड़छाड़ की गई। पीड़िता के पिता ने एक रिपोर्ट दी की रावतभाटा निवासी लक्ष्मण चारण ने मेरी बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। इस पर रावतभाटा पुलिस ने पोस्को एक्ट के साथ एससी एसटी का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया। रावतभाटा पुलिस ने बच्ची का मेडिकल बोर्ड द्वारा मेडिकल करवाया तथा काउंसलिंग करावाई गई। मंगलवार को अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त को बुधवार को चित्तौडगढ़ न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### राज्यपाल की अगवानी की

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र के मंगलवार को कोटा एयरपोर्ट स्थित हेलीपेड पर पहुंचने पर संभागीय आयुक्त कोटा उर्मिला राजोरिया एवं जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी सहित अन्य अधिकारियों ने अगवानी की। हेलीपेड से राज्यपाल कृषि विश्वविद्यालय कोटा के सातवें दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।

## गैल के मुख्य प्रबंधक ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा

**छबड़ा** (निसं)। गैल (इंडिया) के मुख्य प्रबंधक ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर गैस पाइपलाइन के भू उपयोग अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनाई गई पुलिस चौकी सहित मकान, टिन शेड व बॉडी को हटाने की मांग की है।

गेल (इंडिया) के मुख्य प्रबंधक ने ईओ को लिखे पत्र में बताया कि गेल (इंडिया) लिमिटेड ने भूमिगत गैस पाइपलाइन लगभग 1.7 मीटर गहराई में बिछा रखी है जो कि विजयपुर जिला गुना से होकर आगे जाती है। इस गैस पाइपलाइन में उच्च दबाब से प्राकृतिक गैस प्रवाहित हो रही है। गैस पाइपलाइन के गैस प्रवाह की दिशा में दाहिनी ओर 20 मीटर तथा बांई और 10 मीटर (कुल 30 मीटर चौडाई) का क्षेत्र भारत सरकार/गेल (इंडिया) लिमिटेड के भू उपयोग अधिकार क्षेत्र के अंर्तगत आता है। जिस पर किसी तरह का निर्माण, टीनशेड व अन्य किसी भी प्रकार से अतिक्रमण करना गैर कानूनी हैं। छबड़ा कस्बे से निकल रही गैस पाईप लाईन पर धरनावदा रोड़ पर स्थित गांधी नगर, वल्लभ नगर, टॉवर कॉलोनी, हिलव्यू कॉलोनी, बसन्त विहार, जोशी कॉलोनी, कसाई मोहल्ला में गैस पाईप लाईन की भूमि पर मनोज सुमन, नरेश सुमन, बनवारी सुमन, शेरा भाई, सलमान खान, हसन अली, इसरार खान, रवि साहू, सिराज भाई, पयाम भाई, अर्जुन लोधा, इसरार, शाहरूख भाई, रफीक भाई, फैयाज, निसार खान, रिजवान, महेश बैरवा, समीर खान, सोहेल खान, हेमराज साहू, फरहान खान, इसरार, मुन्ना खान, इरशाद खान, शेक भाई, मुख्तार भाई, राजू वर्मा, मनोज कोली, नरेश जाटव, भैया भाई, सोहेल खान, इकबाल, मथुरालाल एरवाल, विकास एरवाल, चौथमल यादव, राशिद भाई, सलाम भाई, जीतू साहू सहित छबड़ा पुलिस ने गैस पाईप लाईन पर कंटेनर रखकर कब्जा कर रखा हैं। ईओ सुरेश रैगर ने बताया कि इन अतिक्रमियो को नोटिस जारी कर दिए हैं। नोटिस अवधि पूर्ण होने के साथ ही सख्ती से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## 'कार्य में लापरवाही कार्मिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी'

**झालावाड़** (निसं)। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी एवं वितरण हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज लेक्चर थियेटर नम्बर 3 में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक, बीएचएस, एसएचएस, सीएचओ, एएनएम, कम्प्यूटर ऑपरेटर व एसएमडी ने भाग लिया। जिला स्तर से जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, जिला औषधी नियंत्रक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीयों ने भाग लिया।

बैठक में बताया गया कि आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी एवं वितरण जिले की आशा सहयोगिनीयॉ, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के माध्यम से घर-घर जाकर ऑनलाईन एप पीएमजेएवाई पर लॉगइन कर वितरित करने है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिन भी चिकित्सा संस्थानों पर भिजवाये गये आयुष्मान कार्ड का वितरण 28 जून तक 50 प्रतिशत तक नही किया जाता है तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावेगी साथ ही अन्य कार्मिको की मानदेय अभिवृद्धि रोक ली जावेगी। जिले में वितरित होने वाले आयुष्मान कार्डो का शत्-प्रतिशत वितरण एवं छुटे हुये की शत्-प्रतिशत् ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करे।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रभु लोधा ने बैठक में जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड का सर्टिफिकेशन समय रहते बनाने, सभी चिकित्सा संस्थानों पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा मासिक रुप से करते हुये कार्य करने हेतु बताया साथ ही एनसीडी के अन्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर रोगीयों की जॉचें, टेली कन्सल्टेन्सी के माध्यम से उपचार करने व भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा दिये गये कार्यों को समय पर करने हेतु कहा। जिले के सभी सीएचओ को कार्य मुल्यांकन पश्चात ही इंसेन्टिव दिया जाने हेतु सभी को निर्देश प्रदान किये।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार नागर द्वारा 30 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम की तैयारिया पूर्ण करते हुये 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के निर्देश प्रदान किये। हर गुरुवार व मंगलवार को आयोजित होने वाले टीकारण सत्र पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों का पूर्ण टीकाकरण करने हेतु पाबन्द किया। जिला कार्यक्रम कार्डिनिंटर आयुष्मान इरफान अहमद द्वारा प्रस्तुति व विडियों के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागीयों को ई-केवाईसी व आयुष्मान कार्ड वितरण का प्रशिक्षण दिया तथा प्रतिभागीयों को आ रही समस्याओं का समाधान किया।

## प्रभारी सचिव ने सी.एच.सी, उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण

**बूंदी** (निसं)। बूंदी जिले के प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा ने मंगलवार को हिंडोली क्षेत्र में एमजेएस, मनरेगा, सीएचसी, तहसील, एसडीएम कार्यालय, उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव ने मोतीपुरा में चारागाह भूमि के प्लानटेशन कार्य का जायजा लिया और निर्देश दिए कि मानसून सीजन के दौरान अधिकाधिक पौधारोपण कराया जावे। इसके बाद उन्होंने चैनपुरिया गांव में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन के अंतर्गत बने एनीकट का अवलोकन किया।

प्रभारी सचिव ने इस दौरान मोतीपुरा गांव में महात्मा गांधी नरेगा के तहत करवाए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया और यहां नियोजित श्रमिकों से बातचीत की। उन्होंने श्रमिकों से कार्य स्थल पर दी जा रही सुविधाओं, भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली।

तत्पश्चात श्री मीणा ने तहसील रोड पर उचित मूल्य दुकानों निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर की जांच की और वितरण व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने उपलब्ध स्टॉक, लाभार्थियों की संख्या, प्रतिमाह वितरित खाद्यान्न आदि की जानकारी ली और निर्देश दिए कि स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से संधारित हो तथा सभी लाभार्थियों की ई केवाईसी करवाना सुनिश्चित किया जावे।

प्रभारी सचिव ने हिण्डोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर आउटडोर, आपातकालीन कक्ष, महिला व पुरुष वार्ड में भर्ती रोगियों से चिकित्सालय की सेवा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही अस्पताल में निशुल्क दवा केंद्र पर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेकर चिकित्सा प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उजाला क्लिनिक, नेत्र जांच कक्ष, दंत चिकित्सालय, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थागत प्रसव के प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद प्रभारी सचिव ने तहसील कार्यालय, उपखंड अधिकारी कार्यालय व निर्माणाधीन मिनी सचिवालय का निरीक्षण भी किया। इसके बाद प्रभारी सचिव ने सथूर ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी विनोद मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओपी सामर, तहसीलदार हिण्डोली, विकास अधिकारी पीयूष जैन सहित ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी साथ रहे।

## निष्क्रमण मार्गों में प्रतिबंधित चराई निषेध क्षेत्रों के बोर्ड लगाएं : कलेक्टर

**बून्दी** (निसं)। बूंदी जिले में इस वर्ष भेड निष्क्रमणकाल के लिए की गई तैयारियों की मंगलवार को यहां आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वन विभाग निष्क्रमण मार्गों में प्रतिबंधित चराई निषेध क्षेत्रों के बोर्ड लगाए। रसद विभाग निष्क्रमण के दौरान आने वाले भेड़ पालकों को राशन उपलब्ध करवाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि भेड़ पालकों के परिवारों के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा के लिए चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति की जावे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को को भेड पालकों के बच्चों को पढ़ाने हेतु शिक्षकों की ड्यूटी लगाने तथा निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरण करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन को चैक पोस्टों पर जाप्ता लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. रामलाल मीणा ने बताया कि वर्ष 2024-2025 के लिए भेड़ निष्क्रमण काल आगामी 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक पशु पालन विभाग द्वारा निश्चित किया गया है। इसके लिए 1 जुलाई से पशु चिकित्सालय बूंदी में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है । उन्होंने बताया कि बूंदी जिले में कुल 14 चौकियां बनाई गई है। इनमें 5 स्थाई और 9 अस्थाई चौकियां शामिल है। सभी चौकियों पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

**भेड़ निष्क्रमण मार्ग निर्धारितः-** संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में कुल 3 भेड निष्क्रमण मार्ग तय किए गए है। इसके तहत पहला मार्ग मध्य प्रदेश एवं चित्तौडगढ़ से बेंगू, जोगणिया माता, बिजौलिया, गुर्जर घाटा, लाम्बाखोह, धनेश्वर, डाबी, खडीपुर, कोटा रहेगा। दूसरा मार्ग में हरियाणा पंजाब से जयपुर, टोंक, देवली, हिण्डोली, सथूर नाका, बसोली, खीण्या, कालदा का जंगल, बीसवां मील, भीलवाडा रहेगा। इसी तरह तीसरा मार्ग में टोंक, उनियारा रजलावता से नैनवां, जजावर, मेण्डी कचनारिया, हिण्डोली, बसौली मोड (सथूर), बाबाजी का खेड़ा, बसौली, खीण्या, भीमलत, बीसवामील, बिजौलिया (भीलवाडा) होगा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, उपवन संरक्षक वीरेंद्र कृष्णियां, उपखण्ड अधिकारी तालेडा एचडी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास, जिला रसद अधिकारी शिवजी राम जाट, अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, उपस्थित रहे।



बूंदी में भेड़ निष्क्रमणकाल के लिए की गई तैयारियों की बैठक में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।